1 हमारा परिवार

यह चित्र मधु के परिवार का है। मधु के परिवार में हैं– उसकी दादी, दादा, माँ, पापा और भाई मोनू।

तुम्हारे परिवार में कौन–कौन है ? उनके नाम यहाँ लिखो–

....

....

- *बच्चों को परिवार के बारे में बताएँ। बच्चों से उनके परिवार के बारे में बातचीत करें। परिवार के सदस्यों के नाम के साथ–साथ उनके कामों के बारे में भी बातचीत करें।*

मधु के दादाजी बाजार जा रहे हैं। बाजार से शक्कर, नमक और सरसों का तेल लाना है। माँ ने मोनू के लिए पेन मँगाया है और धागे भी। मधु को पेंसिल बॉक्स खरीदना है। वह भी दादाजी के साथ बाज़ार जा रही है।



मधु और दादाजी घर से निकले ही थे कि पीछे से आवाज आई–"दादीजी की दवा का पर्चा तो घर पर ही रह गया है। दादीजी की दवा भी लानी है।" मधु ने पलटकर देखा तो मोनू था। दादाजी ने पास के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदकर मोनू को दे दी। घर आकर उसने दादी को दवा खिलाई।

दादाजी परिवार के सभी लोगों की जरूरतों का ध्यान रखते हैं। सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करते हैं। सभी की बातों को सुनते हैं। दादाजी घर के मुखिया हैं।

मधु के दादाजी की तरह उसकी दोस्त शीतल की माँ भी अपने परिवार का ध्यान रखती हैं। शीतल के पापा और चाचा शहर में काम करते हैं।

- तुम्हारे घर का मुखिया कौन है और क्यों?

....

....

....।

बाज़ार से लौटकर दादाजी और मधु घर पहुँचे। माँ आँगन साफ कर रही थीं। घर में पड़ोस के सुरेश चाचा बैठे थे। मधु ने उन्हें प्रणाम किया। उनके लिए मिठाई और पानी लेने गई, लेकिन घर में मिठाई तो थी नहीं। मधु सोचने लगी, पानी के साथ क्या दें ? तभी देखा पापा पानी और बिस्किट लेकर आए। सुरेश चाचा ने बिस्किट खाया और पानी पिया। दादाजी से थोड़ी देर बात करके सुरेश चाचा चले गए।

मधु ने झोले से पेन निकालकर मोनू को दे दिया। शक्कर, नमक और तेल लेकर मोनू ने रसोई में रख दिया। माँ ने धागे ले लिए। मधु ने अपना बॉक्स लिया। मधु और मोनू अपने परिवार में और क्या–क्या काम करते हैं? चित्र में देखो।



घर के किन–किन कामों को तुम मिलकर करते हो ?

....।

मधु के परिवार में खेती का काम होता है। खेती के अलावा उसके पापा कपड़ों पर प्रेस (इस्त्री) भी करते हैं। माँ, मधु और मोनू इस काम में उनकी मदद करते हैं। अब तो मोनू ने भी अपने पापा से प्रेस करना सीख लिया है। दादाजी के साथ मधु और मोनू पेड़–पौधों की देखभाल भी करते हैं।

परिवार के लोग मिलजुल कर घर के सभी काम करते हैं।

क्या तुम्हारा परिवार भी मिलकर कोई कार्य करता है। यदि हाँ, तो क्या ?

....

इस काम में तुम क्या मदद करते हो ?

....

परिवार पहली पाठशाला

हम सब परिवार के साथ रहते हैं। हमारे परिवार में माता–पिता, भाई–बहन, ताऊ–ताई, चाचा–चाची होते हैं। बुआ भी होती हैं।

हम अपने परिवार से ही सबसे पहले सीखना शुरू करते हैं। परिवार में सब लोग मिलजुल कर काम करते हैं। साथ में खाना खाते हैं। मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं। साथ–साथ घूमने जाते हैं। किसी के बीमार होने पर परिवार के सभी लोग देखभाल करते हैं। परिवार के लोग एक–दूसरे की जरूरतों को पूरा करते हैं। दादाजी एवं दादीजी हमें कहानियाँ सुनाते हैं। हमारे साथ खेलते भी हैं। पढ़ने में भी सभी लोग हमारी मदद करते हैं। परिवार में हम सभी एक दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं।

मैं, मोनू और मधु का गुल्लक हूँ। वे अपने बचाए हुए पैसे मुझमें डालते हैं। उनका कहना है कि जब मैं भर जाऊँगा तो सारे पैसों से अपने लिए पढ़ने की एक मेज खरीदेंगे।



- क्या तुम्हारे पास भी गुल्लक है ?
- यदि हाँ, तो उसमें बचाए पैसों का तुम क्या करोगे ?

अभ्यास

1. प्रश्नों के उत्तर लिखो–

   क. मधु के परिवार में कौन–कौन है ?

   ख. मधु किसके साथ बाजार गई ?

   ग. दादी को दवा किसने खिलाई ?

   घ. माँ ने बाजार से क्या–क्या मँगाया ?

   ङ. सीखने की पहली पाठशाला किसे कहते हैं ?

   च. परिवार के साथ मिलकर हम क्या–क्या करते हैं ?

   छ. गुल्लक के पैसे से मधु और मोनू क्या खरीदेंगे ?

   ज. मधु के परिवार में क्या–क्या काम होता है ?

2. सही कथन के सामने (✓) का गलत कथन के सामने (x) का निशान लगाओ –

   क. मधु के घर में केवल उसके माता–पिता हैं। ( )

   ख. मधु और मोनू घर के कामों में हाथ बँटाते हैं। ( )

   ग. परिवार हमारी पहली पाठशाला है। ( )

   घ. मोनू और मधु पेड़–पौधों की देखभाल करते हैं। ( )

   ङ. दादाजी परिवार के सभी लोगों का ध्यान नहीं रखते हैं। ( )

   च. शीतल के पापा और चाचा शहर में काम करते हैं। ( )

   छ. मधु ने सुरेश चाचा को प्रणाम नहीं किया। ( )

काम	कौन करता है
खाना बनाना	
खाना परोसना	
पानी भरना	
कपड़े धोना	
खेती करना	
सब्ज़ी या अनाज को बेचना	
पढ़ाई में मदद करना	

4. तुमने अपने परिवार के लोगों से क्या–क्या सीखा–

दादी से ....।

दादा से ....।

माँ से ....।

पापा से ....।

5. अपने परिवार के लोगों का चित्र बनाओ या फोटो चिपकाओ–